an>

Title: Need to open a regional passport centre in Jhunjhun Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्रीमती संतोÂ ा अहलावत (झुंझुनू): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं उस संसदीय क्षेत्र् से आती हूं, जहां हिन्दुस्तान की सेना में सबसे अधिक सैनिक हैं और जिसने भारत को बहुत बड़े-बड़े उद्योगपति दिये, जैसे बिड़ला, गोयनका, रूइया, पिरामल और झुंझुनुवाला। ये सब देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र् झुंझुनूं को एनसीआर में सम्मिलित किया जाये, क्योंकि रिवाड़ी, महेन्द्रगढ़ और अलवर, जो मेरे सीमावर्ती जिले हैं, वे एनसीआर में सम्मिलित हो चुके हैं और झुंझुनू वे सभी अर्हिताएं रखता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि झुंझुनू को एनसीआर में सम्मिलित किया जाये। धन्यवाद।